हरिभूमि **कटनी भूमि**

जबलपुर, शुक्रवार 26 जनवरी 2024

login : www.haribhoomi.com




## हितग्राहियों को योजनाओं का मिल रहा लाभ

**कटनी।** विकसित भारत संकल्प यात्रा गुरूवार को जिले की 6 जनपद पंचायतों के 11 ग्रामों में पहुंची। आयोजित शिविर के दौरान भारत सरकार की विभिन्न हितग्राही मूलक योजनाओं जैसे राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन, पी.एम. स्वनिधि, विभिन्न स्वरोजगार योजनाएं, संबल योजना, जनकल्याणकारी पेंशन योजना, कर्मकार मंडल योजना, आयुष्मान कार्ड, कर निर्धारण, व्यक्तिगत शौचालय, ट्रेड लायसेंस, जन्म मृत्यु, विवाह पंजीयन, प्रधानमंत्री आवास योजना, नवीन नल कनेक्शन, पी. एम. मातृ वंदना योजना इत्यादि योजना के स्टाल लगाकर पात्र हितग्राहियों के आवेदन पत्र प्राप्त किये गए एवं नागरिकों की समस्याओं का यथासंभव निराकरण कराया गया तथा योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया गया।

## महाविद्यालय बरही में मनाया मतदाता दिवस

**कटनी।** शासकीय महाविद्यालय बरही में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा प्राचार्य प्रो. आर. के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अरविंद सिंह के नेतृत्व में आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग, म प्र शासन के निर्देशानुसार गुरुवार को चौदहवां राष्ट्रीय मतदाता दिवस मनाया गया। इस दौरान विभिन्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्राचार्य द्वारा महाविद्यालय के अधिकारियो, कर्मचारियों, राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेवको एवं समस्त विद्यार्थियो को शपथ दिलाई जाकर मतदान में अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता के लिए जागरूक किया गया।

### संसद में तीन नये कानूनों की प्रदर्शनी रहेगी आकर्षण का केन्द्र

# गणतंत्र दिवस आज, झिंझरी पुलिस ग्राउंड में मुख्य समारोह, कलेक्टर करेंगे ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिले में 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस समारोह परंपरागत गरिमा के साथ मनाया जाएगा। गणतंत्र दिवस पर पुलिस लाइन ग्राउंड झिंझरी में आयोजित होने वाले जिले के मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि कलेक्टर श्री अवि प्रसाद होंगे। इस मुख्य समारोह में कलेक्टर श्री प्रसाद ध्वजारोहण करेंगे और परेड की सलामी लेंगे। इसके बाद कलेक्टर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के संदेश का वाचन करेंगे। जिले का मुख्य समारोह स्थानीय झिंझरी पुलिस ग्राउंड में सुबह 9 बजे से आयोजित किया जाएगा।

### निकलेंगी झाकियां

गणतंत्र दिवस के इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति पर आधारित झांकियां निकाली जाएंगी। जिले में गणतंत्र दिवस



समारोह के भव्य आयोजन की सभी तैयारियां पूर्ण की जा चुंकी है। इस गणतंत्र दिवस की खास बात यह रहेगी कि मुख्य समारोह के दौरान हाल ही में संसद द्वारा पारित किये गए तीन नये कानूनों की प्रदर्शनी लगाई जायेगी। इनमें भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नगारिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 शामिल है। इन कानूनों का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के मानवाधिकारों एवं महिलाओं - बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना, पीडित-केन्द्रित न्याय तंत्र स्थापित करना, जटिल प्रक्रियाओं के सरलीकरण से आपराधिक न्याय प्रणालि को और सुगम तथा सुलभ बनाना तथा जेलो और सुधार गृहों से भीड कम करना है। गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय आयोजन में विभिन्न शासकीय विभागों द्वारा शासन की योजनाओं और कार्यक्रमों पर आधारित एवं विकास की झलक प्रदर्शित करती झांकियों का प्रदर्शन किया जायेगा।

जिले के समस्त शासकीय कार्यालयों, शिक्षण संस्थाओं में कार्यालय प्रमुख ध्वजारोहण करेंगे। गणतंत्र दिवस के अवसर पर कलेक्टोरेट भवन सहित समस्त शासकीय भवनों में आकर्षक विद्युत साज सज्जा की जायेगी। साथ ही देर शाम भारत पर्व के तहत देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। और विकास की झलक पदर्शित करती पदर्शनी लगाई जायेंगी।

### पंचायत व नगरीय निकाय में ध्वजारोहण

जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष एवं सरपंचों के द्वारा जिले में झंडा फहरानें की कार्यवाही सामान्य प्रशासन विभाग के आदेश द्वारा निर्धारित व्यवस्था अनुसार की जायेगी। जनपद पंचायत मुख्यालय में अध्यक्ष जनपद पंचायत द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा कार्यक्रम मे राष्ट्रगान का गायन किया जायेगा। इसी प्रकार नगर परिषद जिनका मुख्यालय विकासखण्ड मुख्यालय पर नहीं है उनमें नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा कार्यक्रम मे राष्ट्रगान का गायन किया जायेगा। इसके अलावा ग्राम पंचायत मुख्यालय में संबंधित सरपंच द्वारा औपचारिक रूप से राष्ट्रीय ध्वज फहराया जायेगा तथा कार्यक्रम में राष्ट्रगान का गायन किया जायेगा।



# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर होटलों, ढाबों में की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

### कुठला पुलिस ने निगरानीशुदा बदमाशों के घर जाकर ली गई जानकारी

गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कुठला पुलिस अलर्ट मोड में नजर आई। कुठला थाना प्रभारी एवं बस स्टैंड चौकी प्रभारी दलबल के साथ क्षेत्र में पैदल भ्रमण पर निकले। भ्रमण करते हुए उन्होंने न केवल क्षेत्र में मौजूद होटलों, ढाबों एवं बस स्टैंड के यात्री प्रतिक्षालयों की जांच की बल्कि क्षेत्र के निगरानी शुदा बदमाशों के घर जाकर उनकी गतिविधियों की जानकारी ली।

### एसपी के निर्देश पर स्टाफ के साथ किया पैदल भ्रमण

गुरूवार को किए गए पैदल भ्रमण के संबंध में जानकारी देते हुए कुठला थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि 75 वें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने एवं सतर्कता बरतने के लिए पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के द्वारा निर्देश दिए गए हैं। पुलिस अधीक्षक श्री रंजन द्वारा प्राप्त निर्देशों के आधार पर एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में 25 जनवरी की शाम बस स्टैंड चौकी प्रभारी अंकित मिश्रा एवं समस्त स्टाफ को साथ लेकर थाना क्षेत्र के संवेदनशील हिस्सों का पैदल भ्रमण किया गया।

### सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों को किया तैनात

इस दौरान बस स्टैंड में गस्त करते हुए यात्री प्रतीक्षालय, सराय एवं आसपास मौजूद होटलों की जांच की गई। उन्होंने कहा कि होटल एवं ढाबों की जांच के उपरांत क्षेत्र के निगरानी सुदा बदमाशों के घर जाकर उनके संबंध में पूछताछ की गई। शांति व्यवस्था बहाल रखने के लिए पुलिस के द्वारा हर संभव प्रयास किया जा रहे हैं। शहर के प्रमुख स्थलों में सुरक्षा के लिए पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। उन्होंने स्थानीय लोगों से अपील करते हुए कहा कि किसी भी अप्रिय घटना की यदि सूचना मिले तो तत्काल इसकी जानकारी कुठला पुलिस को दें।

# अरहर उत्पादन की धरवाड़ पद्धति का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शासकीय महाविद्यालय विजयराघवगढ में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर स्वावलंबी एवं स्वरोजगार स्थापित करने के लिए व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर अरुण कुमार सिंह के निर्देशन एवं प्रशिक्षण समन्वयक डॉक्टर सुमन पुरवार के सहयोग से जैविक कृषि विशेषज्ञ रामसुख दुबे द्वारा स्नातक स्तर के विद्यार्थियों को जैविक खेती का प्रशिक्षण



दिया जा रहा है।

प्रशिक्षण के क्रम में अरहर का उत्पादन बढ़ाने के लिए धारवाड़ पद्धति रोपण पद्धति को अपनाकर उत्पादकता में वृद्धि बीज दर में कमी उन्नत बीज का उपयोग अंतरवर्तीय फसल पद्धति खरपतवार एवं कीट तथा रोग का नियंत्रण एवं सस्य क्रियाओं का उपयोग करके कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने का तकनीकी प्रशिक्षण दिया गया। इसके अंतर्गत किस्म का चयन बीज उपचार पॉलिथीन बैग में बुवाई भूमि की तैयारी पौधारोपण शीर्ष शाखों को तोड़ना निंदाई गुड़ाई सिंचाई पौध संरक्षण कटाई एवं गहाई का विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। कृषक पद्धति से 47 हजार 350 रुपए एवं धरवाड़ पद्धति से 1 लाख 24 हजार 588 रुपया की वार्षिक आय का आर्थिक विश्लेषण की जानकारी दी गई। 2 किलोग्राम प्रति हेक्टर उन्नत किस्म के बीज को पॉलिथीन बैग में मैं में मिट्टी एवं जैविक खाद भरकर एक एक बीज डालकर बोने तथा 20 से 25 दिन का पौधा होने पर पॉलिथीन बैग से निकाल कर रोपण कर देना चाहिए प्रति एकड़ 3000 पौधे लगाए जाते हैं। पौधों को कतार से कतार 5 फुट एवं पौधे से पौधे 3 फुट की दूरी पर लगाते हैं।





































गणतंत्र दिवस
पर सभी प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अमर रहे गणतंत्र हमारा
लखन पटैल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मप्र शासन

अमर रहे गणतंत्र हमारा
गणतंत्र दिवस
पर सभी प्रदेशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
धर्मेन्द्र सिंह लोधी
राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
धार्मिक धर्मस्व एवं संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, मप्र शासन

माननीय डॉ मोहन यादव जी
गणतंत्र दिवस
पर सभी जिलावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
मां तुझे सलाम
लालचंद खटीक
वरिष्ठ भाजपा नेता खटीक
उमा देवी खटीक
विधायक - विधानसभा क्षेत्र 57 हटा




एकीकृत महिला बाल विकास हटा सेक्टर रनेह
की ओर से
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
हर घर तिरंगा
अमर रहे गणतंत्र हमारा
शिव राय
परियोजना अधिकारी हटा
चंद्रकांति बहुंद्रा
पर्यवेक्षक सेक्टर रनेह
माया पटैल
कार्यकर्ता - बिजवार
ज्योति पटैल
कार्यकर्ता - बरखेराबैन
मोहिनी कुरेरिया
कार्यकर्ता - धर्मपुरा
पूजा ठाकुर
कार्यकर्ता - बिजवार
- कुपोषण के विरूद्ध शंखनाद
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
- लाडली लक्ष्मी योजना
- लालीमा योजना
आंगनवाड़ी केन्द्रों का सुचारू संचालन
शासन की मंशानुसार योजनाओं का सफल संचालन
नर्मदा पटैल
कार्यकर्ता - ककरा
कविता पटैल
कार्यकर्ता - कौसलपुर
सविता लोधी
सहायिका - बिजवार
बिन्नी दहायत
सहायिका - बिजवार
माया दहायत
सहायिका - कौसलपुर
बेबी अहिरवार
सहायिका - बरखेराबैन
नीता पटैल
कार्यकर्ता - कुंवरपुर

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. शखा हिण्डोरिया
प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति हिण्डोरिया क्षेत्र
गणतंत्र दिवस
के अवसर पर सभी कृषकों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अनिल जैन
शाखा प्रबंधक
विष्णु पटैल
शाखा पर्यवेक्षक
एवं समस्त स्टाफ
आलोक ठाकुर
समिति प्रबंधक हिण्डोरिया
तालिब खान
समिति प्रबंधक
टिकरी पिपरिया
श्याम सुंदर चौबे
प्रभारी समिति प्रबंधक
कुआखेड़ा नायक
कमल सिंह ठाकुर
प्रभारी समिति प्रबंधक
हिण्डोरिया

गणतंत्र दिवस
पर सभी जिलावासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
मां तुझे सलाम
अजय टंडन
पूर्व विधायक - दमोह
शासकीय ठेकेदार

हर घर तिरंगा
गणतंत्र दिवस
पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
बी एस यादव
कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा दमोह

शासकीय पीएम श्री हाईस्कूल पतलौनी
तहसील तेदूखेड़ा जिला दमोह
गणतंत्र दिवस
पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
जे एल अहिरवार
प्राचार्य - पीएम श्री हाई स्कूल पतलौनी
अमर रहे गणतंत्र हमारा
पीएस मरावी
उच्च माध्यमिक शिक्षक
सीतरामा परस्ते
उच्च माध्यमिक शिक्षक
अनिल श्रीवास्तव
माध्यमिक शिक्षक पतलौनी
जसवंत सिंह ठाकुर
माध्यमिक शिक्षक
बाबूलाल अहिरवार
माध्यमिक शिक्षक
लाल सिंह यादव
प्राथमिक शिक्षक
शिवराज सिंह ठाकुर
प्राथमिक शिक्षक

शासकीय एक्सीलेंस स्कूल पटेरा
अमर रहे गणतंत्र हमारा
गणतंत्र दिवस
के अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
जे एस अहिरवार
प्रभारी संकुल प्राचार्य
एवं समस्त स्टाफ

गणतंत्र दिवस
पर सभी क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
बसंत चौरसिया
प्रदेश अध्यक्ष
कांग्रेस पान प्रकोष्ठ
नन्दे चौरसिया
जिलाध्यक्ष
कांग्रेस पान प्रकोष्ठ, जिला दमोह

## खबर संक्षेप

### भारत पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

**दमोह।** लोकतंत्र का लोक उत्सव अतंर्गत भारत पर्व के अवसर पर कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आज 26 जनवरी की शाम 06 बजे से मानस भवन जिला अस्पताल चौक में आयोजित की गई है। कार्यक्रम, संचालक स्वराज संस्थान संचालनाय भोपाल और जिला प्रशासन दमोह के संयुक्त तत्वावधान में ढिमरयाई लोक नृत्य चुन्नीलाल रैकवार सागर एवं लोकगायन आशा भारती बैरसिया द्वारा प्रस्तुत किया जायेगा।

### आगामी लोकसभा निर्वाचन से संबंधित बैठक 30 जनवरी को

**दमोह।** आगामी तीन माह में लोकसभा निर्वाचन संपन्न होना है। विगत नवंबर 2023 में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव सफलता पूर्वक संपन्न कराने के प्रयास किए गए हैं, फिर भी कुछ परेशानियों जैसे निर्वाचन दल से वापसी होने पर सामान जमा करने में, गाड़ियों की पार्किंग, महिलाओं की ड्यूटी रिजर्व दल की कुछ समस्या से मतदान दलों को होने वाली परेशानी के संबंध में बैठक 30 जनवरी 2024 को दोपहर 01 बजे से जिला कार्यालय कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। अपर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम ने समस्त संबंधितो से उक्त बैठक में निर्धारित दिनांक एवं समय पर उपस्थित होने के लिए कहा है।

### पर्यटन का आनंद उठाएं- राज्यमंत्री श्री लोधी

**दमोह ।** संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने सभी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा भारत का हृदय प्रदेश, मध्य प्रदेश अमूल्य वन संपदा, प्राकृतिक सौंदर्य और सांस्कृतिक धरोहरों से परिपूर्ण है। मध्य प्रदेश को चीता स्टेट, तेंदुआ स्टेट और टाइगर स्टेट का दर्जा प्राप्त है। उन्होंने कहा आप सभी मध्य प्रदेश आए और यहां के पर्यटन का आनंद उठाएं, सभी का मध्य प्रदेश में स्वागत है।

### 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कार्यक्रम सम्पन्न,कलेक्टर ने दिलाई राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर शपथ

# मतदान अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति का तरीका हैं,इसलिये वोट अवश्य डालें -कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




मतदाताओं, अधिकारी-कर्मचारियों और पत्रकारगण आदि सभी के माध्यम से 2023 का विधानसभा चुनाव निष्पक्ष रूप से करवाया गया। इसमे सभी की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। यह 2011 से एक प्रकार से त्यौहार की तरह मनाया जाना प्रारंभ हुआ है, इसमे युवा हर साल जुड़ते हैं। इस बार भी लगभग साढे.चार से 5 हजार नये युवा मतदाता सिर्फ एक महीने के दौरान में एस.एस.आर. में जुड़े हैं, 18 से 19 आयु वाले जो युवा इस बार जुडे.है, वे सभी इस बार वोट डालेंगे। इस आशय की बात कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित 14 वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर कही। कलेक्टर श्री अग्रवाल एवं पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभांरभ किया। इस अवसर पर उप-जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम, एसडीएम दमोह आर एल बागड़ी विशेष रूप से मौजूद रहे। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल ने कहा यही एक तरीका है, कई बार युवा निराश भी होते है और कई बार बड़ी उम्मीदों से आगे जागते है, कि हमारा देश आगे बढ़ रहा है, आकांछी है, आगे बढ़ना चाहता है, यही एक तरीका रहता है हमें अपनी भावनाओं की अभिव्यक्ति करने का, इसलिये वोट अवश्य डालें। जब हम निष्पक्ष रूप से वोट डालते है, हमारी देश के प्रति जो भावनाएं हैं कि हमारा देश ऐसा होना चाहिए, ऐसा हमे करवाना चाहिए या ये करना चाहिए। ये अभिव्यक्ति का एक तरीका रहेगा। उन्होंने कहा उन्हें पूरी आशा हैं कि आप सभी लोग इसमे जुड़ेंगे। उन्होंने कहा जिस तरीके से सभी ने 2023 के चुनाव में सहयोग किया था, उसी तरह सभी अपनी अलग-अलग भूमिकाओं में सहयोग करेंगे। जो हमारे पूर्व रिकार्ड है, हम उनसे अच्छी वोटिंग करायेंगे और अच्छे रिजल्ट निकलेंगे। चुनाव में रिजल्ट का मतलब यही रहता है, निष्पक्ष रूप से आप चुनाव कराये, अच्छी वोटिंग परशेंटेज रहे। मुझे पूर्ण आशा है कि आप सभी का सहयोग मिलेगा और हम लोग आगे बड़ेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल ने मतदाता जागरूकता संबंधी शपथ दिलाई। कार्यक्रम के प्रारंभ में भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार का मतदाता संदेश वर्चुअली रूप से उपस्थित सभी ने सुना। साथ ही नवमतदाताओं को एपिक कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कलाकारों बुंदेली लोक गायन एवं छात्राओं ने नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अग्रवाल और पुलिस अधीक्षक श्री तिवारी ने निर्वाचन में अधिकारियों-कर्मचारियों को उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन उप-जिला निर्वाचन एवं अपर कलेक्टर मीना मसराम ने किया तथा कार्यक्रम का संचालन डॉ आलोक सोनवलकर एवं ने किया।

## 75वां गणतंत्र दिवस आज

### राज्यमंत्री श्री पटेल करेंगे मुख्य समारोह में ध्वजारोहण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल आज दमोह के स्थानीय स्टेडियम मैदान में आयोजित गणतंत्र दिवस (26 जनवरी) के मुख्य कार्यक्रम में शामिल होंगे। राज्यमंत्री श्री पटेल आज 26 जनवरी को प्रातः 9 बजे गणतंत्र दिवस समारोह में ध्वजारोहण करेंगे, प्रातः 09 बजे से प्रातः 09.05 बजे तक राष्ट्रगान, प्रातः 9:05 बजे से 9:20 बजे तक सलामी एवं परेड निरीक्षण, प्रातः 9:20 बजे से 9:50 बजे तक संदेश वाचन, प्रातः 9:50 बजे से 9:55 बजे तक हर्ष फायर एवं जयघोष, प्रातः 9:55 बजे से 10:05 बजे तक मार्च पास्ट, प्रातः 10:05 बजे से 10:25 बजे तक व्यायाम प्रदर्शन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रातः 10:25 बजे से 10:45 बजे तक झॉकियों के प्रदर्शन एवं प्रातः 10:45 बजे से प्रातः 11 बजे तक पुरूस्कार वितरण कार्यक्रम में शामिल होंगे। जिला सत्कार अधिकारी ने कहा है आमंत्रण पत्र साथ में लायें एवं प्रातः 08:30 बजे तक स्थान ग्रहण कर लिया जाये। सुरक्षा की दृष्टि से पैकेट, थैला, हैण्ड बैग आदि न लायें।

## बोर्ड परीक्षा में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों की सीईओ ने ली बैठक

**दमोह।** हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2024 में नियुक्त कलेक्टर प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के कंप्यूटर बिल्डिंग हाल में किया गया। सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने कहा वर्ष 2023 की बोर्ड परीक्षा के दौरान कुछ परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्र लीक जैसी स्थिति निर्मित हुई थी, जिसके कारण प्रदेश स्तर तक जिले का नाम धूमिल हुआ तथा उन परीक्षा केन्द्रों के केंद्र अध्यक्षों, कलेक्टर प्रतिनिधि व पर्यवेक्षकों पर कार्यवाहियां की गई, इस वर्ष मंडल द्वारा जो नियम निर्धारित किए गए हैं, उनका पालन समस्त कलेक्टर प्रतिनिधियों को करना है, जो भी कलेक्टर प्रतिनिधि मंडल के नियमों की अनदेखी करेगा, अथवा लापरवाही की स्थिति में संबंध के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा सभी समय का विशेष ध्यान रखेंगे, परीक्षा में समय बहुत महत्वपूर्ण होता हैं। उन्होंने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा हेतु निर्धारित किए गए परीक्षा केन्द्रों पर तैनात कलेक्टर प्रतिनिधियों की बैठक में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा ने कहा आप सभी केंद्र अध्यक्ष तथा सहायक केंद्र अध्यक्ष के साथ शांतिपूर्ण एवं परीक्षा की सुचिता को बनाए रखने में अपना सहयोग प्रदान करेंगे। बैठक में सभी कलेक्टर प्रतिनिधियों के साथ-साथ परीक्षा प्रभारी राजेश रविदास की उपस्थिति रही।

## हिंसा एवं भेदभाव को समाप्त किये जाने हेतु सशक्त होना आवश्यक- द्वितीय जिला न्यायाधीश

**दमोह।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में कमला नेहरू महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मूल कर्तव्य जागरूकता सप्ताह अंतर्गत तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण तथा एसिड अटैक से पीड़ितो को विधिक सहायत साईबर क्राईम एवं सुरक्षा के संबंध में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिसमें द्वितीय जिला न्यायाधीश रजनी प्रकाश बाथम, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री रजनीश चौरसिया, प्राचार्य पी.एल. जैन, सहा. प्राध्या. ब्रजेश मौय एवं कॉलेज स्टाफ सहित छात्रायें उपस्थित रहीं। द्वितीय जिला न्यायाधीश रजनी प्रकाश बाथम ने अपने उद्बोधन में छात्राओं से कहा कि आजकल सबके हाथ में मोबाईल होना सामान्य बात है किंतु सजग रहकर मोबाईल का उपयोग किया जाना चाहिये, इसके माध्यम से आपके पर्सनल डाटा को हैकर्स द्वारा चुराया जाकर गलत तरीके से उपयोग किया जा सकता है एवं आपको ब्लेकमेल भी किया जा सकता है। अतः ऐसी स्थिति में आप साईबर सेल में सूचित कर अपराधियों के खिलाफ कार्यवाही कर सकतीं हैं। उन्होंने बताया महिलाओं के प्रति हिंसा एवं भेदभाव को समाप्त किये जाने हेतु महिलाओं का सशक्त होना आवश्यक है इसके साथ ही महिलाओं के हितार्थ अन्य कानूनी प्रावधानों की जानकारी प्रदान की गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चैरसिया ने बताया कि कोई भी पीड़ति अपने विरूद्ध होने वाले अपराधों को छिपाये नहीं, ऐसे अपराधों के विरूद्ध आवश्यक कदम उठायें। उन्होंने मूल अधिकार एवं कर्तव्य, एसिड अटैक से पीड़ितों को विधिक सहायता, तस्करी व वाणिज्यिक यौन हिंसा के पीड़ितों को विधिक सहायता योजना आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। ब्रजेश मौर्य द्वारा मंच संचालन एवं आभार डॉ. पी.एल. जैन दमोह द्वारा व्यक्त किया गया।

## उत्कृष्ठ कार्य करने पर आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ता तुलसा पटेल का चयन

**दमोह।** जिले की तहसील पथरिया के इंदिरा गांधी वार्ड 14 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तुलसा पटेल को न्यादर्श पंजीयन योजना के अंतर्गत प्रथम अर्द्ध वार्षिक सर्वेक्षण 2023 में अंशकालिक प्रगणक के रूप में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए भारत सरकार गृह मंत्रालय जनगणना कार्य निदेशालय मध्यप्रदेश भोपाल एवं जिला कलेक्टर दमोह के द्वारा संयुक्त रूप से हस्ताक्षरित प्रशस्ति पत्र राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी 2024 को दिये जाने का निर्णय लिया गया है। भारत सरकार की इस महत्वपूर्ण योजना को सफल बनाने की दिशा में एक प्रभावी कदम के रूप में जिले की इकाईयों में कार्यरत अंशकालिक प्रगणकों में से उत्कृष्ट कार्य करने पर पथरिया के इंदिरा गांधी वार्ड 14 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तुलसा पटेल का चयन किया गया हैं। ज्ञात हो कि भारत सरकार गृह मंत्रालय के अंतर्गत भारत के महारजिस्ट्रार का कार्यालय नई दिल्ली द्वारा न्यादर्श पंजीयन योजना मध्यप्रदेश राज्य में विगत 04 वर्षो से संचालित की जा रही है, इस योजना के माध्यम से राष्ट्रीय/राज्य स्तरीय आंकड़े जैसे जन्म दर, मृत्यु दर, मातृत्व मृत्यु दर इत्यादि हेतु जन्म एवं मृत्यु की घटनाओं का संकलन किया जाता है।

### श्री पटेल ने प्रदेशवासियों को दी शुभकामनाएँ

**दमोह।** पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री लखन पटेल ने जिले और प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेशवासियों से अपील की है कि राष्ट्र के गौरवपूर्ण अतीत एवं समृद्ध सांस्कृतिक परम्पराओं के अनुरूप निरंतर कर्म-पथ पर चलते हुए मध्यप्रदेश को विकसित एवं आत्म-निर्भर बनाने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान दे। उन्होंने कहा आज आवश्यकता है कि युवा उनके अदम्य शौर्य, साहस, त्याग और बलिदान से प्रेरणा ले। विकसित भारत बनाने के लिए प्रतिबद्ध हो।

## 5 वीं जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता संपन्न

**दमोह।** विगत दिवस पांचवी जिला स्तरीय कराते प्रतियोगिता का आयोजन इंटरनेशनल कराते फेडरेशन दमोह के तत्वाधान में सरस्वती शिशु मंदिर केशव नगर दमोह में किया गया। इस प्रतियोगिता में दमोह जिले के सात विकासखंडो से लगभग सौ से अधिक कराते खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ सेंसाई संतोष पटेल ब्लैक बेल्ट पाँचवीं डिग्री मुख्य प्रशिक्षक एसियन जज/रेफरी इंटरनेशनल कराते फेडरेशन मध्यप्रदेश के द्वारा किया गया उक्त प्रतियोगिता का शुभारम्भ सर्वप्रथम माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित व सामूहिक राष्ट्रगान के साथ किया गया। इस प्रतियोगिता मे कराते के नन्हे मुन्ने खिलाड़ियों द्वारा कराते के अदभुत प्रदर्शन किये गये। प्रतियोगिता में उपस्थित आतिथ्यों का स्वागत इंटरनेशनल कराते फेडरेशन दमोह के मुख्य प्रशिक्षक गनेश बंसल व तकनीकी निर्देशक धर्मेंद्र सिंह जूदेव ने किया। उक्त प्रतियोगिता मे मार्शल आर्ट कराते ट्रेनिंग सेंटर तेंदूखेड़ा के खिलाड़ियों ने सर्वाधिक पदक जीतकर प्रतियोगिता की ओवरऑल चेम्पियनशिप मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। वही आजाद स्पोर्ट्स कराते अकेडमी दमोह ने इस प्रतियोगिता मे द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कराते ट्रेनिंग सेंटर हटा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता मे विजेता खिलाडी आगामी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता मे भाग ले सकेंगे।इस प्रतियोगिता को संपन्न कराने मे सेम्पाई ॠतु ठाकुर नेशनल रैफरी, सेम्पाई गणेश बंसल, सेम्पाई धर्मेंद सिंह जूदेव, सेम्पाई, अनूप सिंह ठाकुर, सेम्पाई नीलेश सिंह पोरते, सेम्पाई राधिका रैकवार, सेम्पाई प्रकाश रैकवार ने जज/रेफरी निर्णायक की भूमिका अदा की।

## जैन मिलन ने किया निशुल्क गणवेश वितरण कार्यक्रम




**पटेरा।** इंटरनेशनल भक्तामर हीलिंग एवं रिसर्च फाऊंडेशन के द्वारा गरीब बच्चों को निशुल्क गणवेश वितरण फाउंडेशन के सदस्य भाई ॠषभ जैन के द्वारा श्री बड़े बाबा जैन मिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर के तत्वाधान में वितरित की गई। प्राथमिक शाला गुड़ियाना के आदिवासी बच्चों को गणवेश वितरण कार्यक्रम शाखा अध्यक्ष नरेंद्र बजाज, मंत्री महेश जैन, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र बजाज, जितेंद्र बड़कुल, संरक्षक निर्मल जैन के आतिथ्य में वार्ड पार्षद मगन आदिवासी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। स्कूल के प्रधान अध्यापक नीलेश विश्वकर्मा ने सभी का स्वागत किया। अतिथियों ने सभी बच्चों से प्रति दिवस स्कूल आने की बात कही। अतिथियों ने फाउंडेशन की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती प्रियंका चंद्रवंशी द्वारा किया गया। गणवेश पाकर छात्र छात्रायें प्रसन्न हो गए। शिक्षक स्टाफ ने अतिथियों से इसी प्रकार की सहयोग की अपेक्षा की। आभार नीलेश विश्वकर्मा ने माना।

## पीओडी शिविर का आयोजन



**दमोह।** राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिला कुष्ठ अधिकारी डॉ. रीता चटर्जी के मार्गदर्शन में एवं बीएमओ डॉ. अमित मिश्रा के निर्देशन में सीएचसी हिंडोरिया में कुष्ठ रोगियों की जांच उपचार, सेल्फ किट केयर एवं आवश्यक सामग्री प्रदान करने हेतु कैम्प का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ डॉ. अंगीकार साहू एवं फिजियोथैरेपिस्ट डॉ. रजनीश गांगरा द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर तथा चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। शिविर में आए हुए 17 कुष्ठ रोगियों को डॉ. रजनीश गांगरा ने कुष्ठ रोग से होने वाली विकृति के बचाव हेतु जल तेल उपचार विधि के बारे में बताया, एनएमए केआर पांडेय ने कुष्ठ रोग के प्रारंभिक लक्षण व बीएस ठाकुर ने कुष्ठ रोग से होने वाली विकृति से बचाव के बारे में जानकारी दी। शिविर में बीसीएम हेमंत शुक्ला, प्रकाश त्रिपाठी, रंजीत सिंह सहित आशा कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

## राज्यमंत्री श्री पटेल ने युवाओं को किया प्रेरित

**दमोह।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर बटियागढ़ के शासकीय महाविद्यालय में नव मतदाता सम्मेलन का शुभारंभ सरस्वती पूजन कर पशुलान एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल के मुख्य आतिथ्य में किया गया। राज्यमंत्री श्री पटेल ने युवा मतदाताओं से संवाद करते हुए सभी से लोकतंत्र के पर्वों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने और मतदान करने के लिये प्रेरित किया। राज्यमंत्री श्री पटेल ने कॉलेज के युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप सभी अपना लक्ष्य तय करे कि किस क्षेत्र में जाकर कार्य करना है। लक्ष्य को पाने के लिए पूरी लगन से मेहनत करे तभी आप सफल हो सकते हैं। हमारा देश युवाओं का देश है, युवा ही देश की दिशा और दशा बदल सकते हैं।

## मतदाता दिवस पर मानव श्रृंखला बनाई

**दमोह।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर लक्मनकुटी सेक्टर के ग्राम मुड़िया में राष्ट्रीय मतदाता दिवस नवांकुर संस्था के द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में छात्र छात्राओं के साथ मिलकर मनाया गया। जिसमें शिक्षक जय कुमार जैन द्वारा सभी को मतदान की शपथ दिलाई गई एवं अपने परिवार के सदस्यो और आस-पड़ोस के व्यक्तियों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने को कहा गया आपका एक वोट लोकतंत्र को मजबूत करता है जिसे कारण हर भारतीय का कर्तव्य ही नही जिम्मेदारी भी है। और जिनकी उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी है वह अपना नाम मतदाता सूची में अवश्य जुडवाये। छात्र-छात्राओं के द्वारा मानव श्रृंखला बनाकर सभी ग्राम वासियो को मतदान दिवस की शुभकामनाएं एवं मतदान करने के लिए नारो के माध्यम से प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में बुंदेलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति का सहयोग रहा। संचालन जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर जयकुमार जैन एवं रूपचंद पटेल के द्वारा किया गया। बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं के साथ शाला के शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही।
















